बरेली, बुधवार
17 दिसंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 24+4=28

दैनिक जागरण
inext



## कूच बेहार ट्राफी में यूपी व वेस्ट बंगाल के बीच मैच शुरू, पहले दिन...

# वेस्ट बंगाल ने बनाए 89 रन

### उत्तर प्रदेश की टीम ने टास जीतकर किया फील्डिंग करने का फैसला

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (16 Dec):** कूच बेहार ट्राफी में उत्तर प्रदेश व पश्चिम बंगाल के बीच क्रिकेट मैच मंगलवार को शुरू हो गया. जिले के भोजीपुरा स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में मैच का उद्घाटन हुआ. मुख्य अतिथि डीआइजी अजय कुमार साहनी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुभकामनाएं दीं.मंगलवार को घना कोहरा होने के चलते दृश्यता काफी कम थी, ऐसे में रेफरी ने मैच शुरू करने के लिए हरी झंडी नहीं दी. ऐसे में इंतजार के बजाय दोनों टीम की खिलाड़ी फुटबाल खेलते नजर आए. लंच के बाद कोहरा छटा तो दोपहर 2:40 बजे रेफरी प्रकाश भट्ट ने अंपायर पाराशर जोशी और आर राजेश कैनन से परामर्श के बाद मैच आरंभ करने का फैसला किया. दोनों अंपायर उत्तर प्रदेश के कप्तान भव्य गोयल और बंगाल के कप्तान चंद्रहास दास के साथ पिच पर पहुंचे और टास हुआ. यूपी के कप्तान भव्य गोयल ने टास जीता और बंगाल को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. 17 ओवर के बाद बंगाल के बल्लेबाजों ने अपराह्न 4:27 बजे खराब रोशनी की अपील की, जिस पर मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने खेल रोका.



डीआईजी अजय कुमार साहनी और दूसरे अतिथियों ने प्लेयर्स से परिचय प्राप्त कर मैच कराया शुरू.

### क्रिकेट में योगदान के लिए बीसीए सचिव सम्मानित

डीआइजी अजय कुमार साहनी, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति और आदित्य मूर्ति ने क्रिकेट को बढ़ाने में योगदान के लिए बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना को सम्मानित किया. ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा कि जनवरी में स्टेडियम डे नाइट मैच के लिए तैयार हो जाएगा. इस मौके पर आइएमए अध्यक्ष डा. अतुल, डा. अंशु अग्रवाल, यूपी टीम के हेड कोच ध्रुव सिंह, मैनेजर विनय कुमार, बंगाल टीम के कोच शौर्याशीष लाहिरी, मैनेजर मिलन घोष, चीफ क्यूरेटर शिव कुमार, क्यूरेटर युसुफ अंसारी, डा. नितिन सक्सेना आदि मौजूद रहे.

### टीम बंगाल

चंद्रहास दास (कप्तान), आदित्य राय, अत्मजा मंडल, सयन पॉल, आशुतोष कुमार, अगस्त्य शुक्ला, अभिप्राय विस्वास (विकेट कीपर), सचिन यादव, रोहित, रोहित कुमार दास, शिवम भारती, कुशल गुप्ता, विराट चौहान, राजदीप पासवान.

### टीम यूपी

भव्य गोयल (कप्तान), अयान अकरम, अनमोल नौशराम, कैफ रहमान, भावी शर्मा, कार्तिकेय सिंह (विकेटकीपर), राहुल, दक्ष चंदेल, के कृष्णा, यश पंवार, रवि सैनी, यशु प्रधान, युवराज, मोहम्मद अर्शमन, शिवांशु सवान.

### पहले दिन बंगाल की टीम 3 विकेट खोकर बना सकी सिर्फ 89 रन

पहले बैटिंग करते हुए बंगाल के खिलाड़ियों ने संभल कर खेलना आरंभ किया, लेकिन यूपी के गेंदबाज यश पंवार ने 6.4 ओवर में रवि सैनी के हाथ आत्मजा मंडल को 10 रन के स्कोर पर कैच आउट करवाकर पहला विकेट हासिल किया. तब बंगाल का स्कोर 26 रन था. 62 रन के स्कोर पर कप्तान चंद्रहास के रूप में बंगाल का दूसरा विकेट गिरा, जिन्हें रवि सैनी ने 12.2 ओवर में अनमोल के हाथ कैच करवाया. कप्तान ने 25 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 27 रन बनाए. 16.3 ओवर में 84 रन पर आशुतोष कुमार के रूप में बंगाल ने तीसरा विकेट खोया. 17 ओवर होने के बाद 4:27 बजे बंगाल के खिलाड़ी आदित्य राय (35 रन, 38 गेंद, 4 चौके) और अभिप्राय विश्वास (4 रन, 2 गेंद, एक चौका) ने बैड लाइट की अपील की.

BREAKING NEWS
सिटी की ब्रेकिंग न्यूज से रहें रियल टाइम अपडेट
जुड़िए हमारे व्हाट्सएप चैनल से
Scan करें यह QR code और follow करें हमारा चैनल.